देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 15 जनवरी 2021। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई । सर्वप्रथम कार्यपरिषद् के सम्मानीय सदस्यों ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के अनुविभागीय अधिकारी श्री अजय शर्मा एवं आई.ई.टी. के कर्मचारी श्री गणेश भैरवे के असमय निधन पर 2 मिनिट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी एवं कार्यपरिषद् सदस्य श्री अनंत पंवार एवं श्री विश्वास व्यास ने प्रस्तावित किया कि आज की बैठक में उपस्थित सभी कार्यपरिषद् सदस्य सामूहिक रूप से अपना मानदेय स्व. गणेश भैरवे के परिवार को श्रद्धाजंलि स्वरूप प्रदान करेंगे। बैठक की समाप्ति पर श्री गणेश भैरवे के परिवार के सदस्यों को कुल 28 हजार की धनराशि प्रदान की गई । कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. मंगल मिश्रा ने स्व. गणेश भैरवे की पुत्री की सम्पूर्ण शिक्षा अपने महाविद्यालय में निशुल्क प्रदान करने का प्रस्ताव भी दिया।

बैठक के प्रारंभ में माननीय कुलपति प्रो. रेणु जैन ने विगत माह में विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न किये गये कार्यो एवं उपलब्धियों से कार्यपरिषद् सदस्यों को अवगत कराया। कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. सुनीता जोशी ने सुझाव दिया कि विजिटिंग फैकल्टी की नियुक्ति में यू.जी.सी. एवं ए.आई.सी.टी.ई. द्वारा प्रदाय दिशानिर्देशो का विशेष ध्यान रखा जाये। बैठक में वित्त समिति द्वारा की गई अनुशंसाओं पर चर्चा की गई। आई.ई.टी. संस्थान के नवनिर्मित एवं अन्य छात्रावासों हेतु क्रय किये जाने वाले फर्नीचर के लिए लगभग 48 लाख रू. एवं आई.ई.टी. सेन्टर द्वारा प्रदाय किये जाने वाले वाई–फाई नेटवर्क एवं इंटरनेट हेतु 13 लाख 70 हजार रूपये मान्य किये गये। साथ ही आई.ई.टी. सेन्टर में स्थापित वाईड नेटवर्क के रख–रखाव हेतु 18 लाख 50 हजार रू. मान्य किये गये। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा हुई कार्यपरिषद् सदस्य प्रो. सुरेश सिलावट एवं श्रीमती मोनिका गौड़ ने कहा कि वि.वि. परिसर में छात्रों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। वि.वि. द्वारा माननीय कुलपति एवं कुलसचिव जी के लिए 2 नए वाहन क्रय करने की स्वीकृति कार्यपरिषद् ने प्रदान की।

विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को दी जाने वाली ग्रेज्युटी 10 लाख रू. से बढ़ाकर 20 लाख करने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मान्य किया।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में रेक्टर के पद पर प्रो. अशोक शर्मा, विभागाध्यक्ष, रसायन अध्ययनशाला की नियुक्ति के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मंजूरी दी।

कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. जगदीश चौहान द्वारा प्रस्तावित ''भारतरत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर क्रांतिकारी साहित्य अध्ययन केन्द्र'' की स्थापना के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मान्य किया। कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. मंगल मिश्र के प्रस्ताव ''झाबुआ जिला को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा गोद लेने के प्रस्ताव'' को भी कार्यपरिषद् ने मान्य किया इस संबंध में कार्यपरिषद् सदस्य श्री ओमप्रकाश शर्मा द्वारा सुझाव दिया गया कि एक समिति बनाकर अगली बैठक में विस्तृत एक्शन प्लान प्रस्तुत किया जाय।

विकलांग एवं छात्र दुर्घटना सहायता समिति में सदस्य के रूप में कार्यपरिषद् सदस्य श्री विश्वास व्यास जी का नाम सम्मिलित करने की अनुशंसा की गई। विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय गणित अध्ययन केन्द्र की स्थापना एवं कामधेनु शोधपीठ एवं अध्ययन केन्द्र की स्थापना के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मान्य किया।

बैठक के अंत में कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा द्वारा सभी कार्यपरिषद् सदस्यों के प्रति आभार प्रर्दशन किया गया।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी